# जापान की मदद से बनेगा यूपीएससीआर का खाका

■ विजय वर्मा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी परिक्षेत्र (एससीआर) के विकास के लिए जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी की मदद ली जाएगी। शासन के अफसरों की इस संबंध में इस एजेंसी के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक हुई है।

दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर राज्य सरकार लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर तथा बाराबंकी को जोड़कर यूपी एससीआर बनाने जा रहा है। इसके लिए जापान इंटरनेशनल को- ऑपरेशन एजेंसी से संपर्क साधा है। हाल ही में हुई बैठक में मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, प्रदेश के मुख्य नगर नियोजन सहित तमाम अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जापान की कंपनी के दो अधिकारी भी शामिल हुए।

## डीपीआर तैयार करने में भी पूरा सहयोग करेगी

जापान को-ऑपरेशन एजेंसी एससीआर का डीपीआर तैयार करने में भी पूरा सपोर्ट करेगी। तकनीकी मदद भी देगी। इस पूरी योजना को धरातल पर उतरने तक वह परियोजना से जुड़ी रहेगी। पांच वर्ष में परियोजना पूरी करने का लक्ष्य है।